p>

Title: Need to fence Tiger Reserve Forest to protect people from wild animal attacks in Baharaich Parliamentry Constituency.

श्री अक्षयवर लाल (बहराइच) : माननीय अध्यक्ष जी, आपका बहुत-बहुत आभार । मेरा लोक सभा क्षेत्र बहराइच, उत्तर प्रदेश में है, जो नेपाल की सीमा से सटा हुआ है । मेरे क्षेत्र में 50 किलोमीटर लम्बा और 10 किलोमीटर चौड़ा वन क्षेत्र है, जिसको केन्द्र सरकार ने टाइगर रिजर्व फॉरेस्ट बना रखा है । उसमें हजारों हिंसक जानवर हैं, जो जंगल से बाहर निकलकर, नागरिकों के घरों में घुसकर खेत में काम करने वालों को मारते हैं और अपना निवाला बनाते हैं । प्रतिवर्ष सैकड़ों लोग मारे जाते हैं । मेरा आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से निवेदन है कि तार का बाड़ लगाकर उन हिंसक जानवरों को जंगल के अंदर ही रोका जाए, जिससे वे जंगल से बाहर न जाएं और हमारी जनता के प्राणों की रक्षा हो सके । धन्यवाद ।